
# सीरिया में पदस्थ भारतीय राजदूत ने किया मेवाड़ विश्वविद्यालय का भ्रमण




भास्कर संवाददाता | गंगरार

सीरिया में पदस्थ भारत के राजदूत महेन्द्र सिंह कन्याल ने मेवाड़ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। राजदूत कन्याल रविवार को उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एलएस रावत ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय पहुंचकर अतिथि गृह में विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। सोमवार को उन्होंने विश्व विद्यालय के विभिन्न संग्रहालयों एवं प्रयोगशालाओं आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम हुआ, जिसमें राजदूत ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से संबन्धित विदेशी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों व अन्य जानकारियां लीं। बैठक में विष्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों में ट्रेनिंग प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरिष गुरनानी, ललित कला संकाय की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह, ओएसडी एच. विधानी, डिप्टी रजिस्ट्रार श्रीमती दीप्ती शास्त्री एवं समस्त विभागों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सीरिया में भारतीय राजदूत ने किया मेवाड़ विश्वविद्यालय का भ्रमण

**नवज्योति/गंगरार।** सीरिया में भारतीय राजदूत महेंद्र सिंह कन्याल ने मेवाड़ विश्वविद्यालय का दो दिवसीय भ्रमण किया। राजदूत महेंद्र सिंह कन्याल रविवार को उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचे जहां विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एलएस रावत ने उनका स्वागत किया। सोमवार को उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न संग्रहालयों एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा संग्रहित पुरातन धरोहर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राजदूत ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से संबंधित विदेशी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध की। बैठक में ट्रेनिंग प्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी, ललित कला संकाय की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह, ओएसडी एच. विधानी, डिप्टी रजिस्ट्रार श्रीमती दीप्ती शास्त्री एवं समस्त विभागों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।